दैनिक भास्कर

जयपुर 28-05-2022

स्टार्टअप इनोवेशन | टेक्नो हब में आयोजित वर्कशॉप के दौरान शहर के स्कूल-कॉलेज के स्टूडेंट्स ने दिए सॉल्यूशंस

स्टूडेंट्स ने दिया 'नो प्लास्टिक' का मैसेज; केले के सैल्यूलोज, कॉटन, ऊन और जूट से बनाए सैनेट्री पैड

सिटी रिपोर्टर | जयपुर

सैनिट्री पैड्स में उपयोग होने वाले प्लास्टिक के कारण 70% से भी अधिक प्लास्टिक वेस्ट से पर्यावरण को लगातार क्षति पहुंच रही है। महिलाओं को सुरक्षित और बीमारी रहित पीरियड्स के लिए 'ऑल ग्रीन पैड' आइडिया स्कूली स्टूडेंट्स ने आईस्टार्ट डिविजनल आउटरीच एंड अवेयरनेस' वर्कशॉप में दिए। इसी प्लेटफॉर्म पर स्टूडेंट्स ने 'स्मार्ट डस्टबिन' आइडिया प्रस्तुत करते हुए ऑटोमैटिकली कचरे को उनके प्रकार अनुसार अलग करने के आइडियाज दिए। जिसमें गीला, सूखा, मैटलिक और नॉन मैटलिक, मेडिकल वेस्ट जैसे विभिन्न श्रेणियां है। विभिन्न प्रॉब्लम्स के सॉल्यूशन स्कूल से लेकर कॉलेज स्टूडेंट्स ने दिए। ये मौका था, शुक्रवार को टेक्नो हब में आयोजित 'आईस्टार्ट डिविजनल आउटरीच एंड अवेयरनेस' वर्कशॉप सीरीज का। संभागीय आउटरीच व जागरूकता कार्यक्रम का आखिरी हिस्सा था।



आउटरीच एंड अवेयरनेस वर्कशॉप में 200 से अधिक स्टूडेंट्स हुए शामिल

अब तक जोधपुर, कोटा, बिकानेर, भरतपुर व उदयपुर संभागों में इस प्रकार के प्रोग्राम्स हो चुके हैं। डिपार्टमेंट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्यूनिकेशन के निर्देशन में युवाओं व किशोरों के इनोवेटिव आइडियाज को प्लेटफॉर्म देने के लिए वर्कशॉप आयोजित हुई। इसमें 100 से अधिक स्टार्टअप्स व उद्यमियों और 200 से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। कार्यशाला का उद्घाटन डिपार्टमेंट के संयुक्त सचिव संदेश नायक ने किया। युवाओं से बातचीत की और आईस्टार्ट मिशन को अगले स्तर पर ले जाने की बात की। 11 स्टार्टअप्स को चैक सौंपे गए, जिन्हें मार्केटिंग सहायता और टेक्नो फंड की श्रेणी के तहत फंडिंग दी गई है।

स्टूडेंट्स ने डायग्राम की मदद से समझाए अपने आइडियाज

1 मुनिंदिता जोशी ने 'क्यूरेटर- द केयर टेकर' आइडिया में ऐसे डिवाइस की जानकारी दी जो डॉक्टर्स और नर्सेस को बोतल में उपलब्ध इंटराविनस फ्लूइड की जानकारी देगी। यह डिवाइस एक निश्चित स्तर के बाद लिक्विड के प्रवाह को रोकने में मदद करेगा। स्टूडेंट्स ने अपने आइडिया को डायाग्राम की मदद से समझाया।

2 वैश्णवी, मुनिंदिता व सुरभी ने 'ऑल ग्रीन पैड' आइडिया में टेम्पॉन्स, सॉफ्ट टेम्पॉन्स, मेन्सट्रुल कप, प्लास्टिक पैड्स जैसे सॉल्यूशन के बारे में बताया। इन्होंने ऐसे पैड्स बनाए हैं, जो बीमारियों से बचाए, प्लास्टिक वेस्ट कम हो। इसकी ऊपरी लेयर नैचुरल फाइबर में कॉटन, ऊन, जूट की और निचली लेयर केले के सैल्यूलोज की है।

3 जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के प्रथम अग्रवाल व सुबोध कॉलेज के संदीप खारोल ने मिलकर शुरू किए 'हाईआर्ट' स्टार्टअप की जानकारी देते हुए बताया, इस एप्लीकेशन की मदद से सैलून व स्पा में बुकिंग करवाने का बाद हमें वहां पहुंचकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एप्लीकेशन से बुकिंग पर 70% तक का मुनाफा ऑफर्स के रूप में मिलेगा।